# गैस पीड़ितों का इलाज व दवाइयां हैं फ्री

## विधानसभा में गैस त्रासदी राहत व पुनर्वास मंत्री शाह ने दी जानकारी

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 4 दिसंबर. सदन में गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान गैस राहत अस्पतालों में रख-रखाव और दवाओं पर खर्च राशि का मामला उठाया. इस पर भोपाल गैस त्रासदी राहत व पुनर्वास मंत्री कुंवर विजय शाह ने कहा कि गैस पीड़ित परिवारो के लिये दवाईयां फ्री है, इलाज फ्री है. आयुष्मान कार्ड भी बनाकर दिये हैं. इसके अलावा जो गंभीर कैंसर रोग जैसे हैं, उनका एम्स और चिरायु जैसे अस्पताल में हम 13-13, 14-14 करोड़ रुपये खर्च कर रहे हैं. इसलिये लापरवाही जैसी कोई बात नहीं है.**



इससे पहले कांग्रेस सदस्य आतिफ आरिफ अकील ने जानना चाहा था कि वर्ष 2024-25 की अवधि के दौरान स्थापना व्यय को छोड़कर कितनी-कितनी राशि अस्पतालों के रखरखाव, दवाओं पर कितनी राशि खर्च की गई. उन्होंने यह भी सवाल किया था कि कौन सी सामग्री किस कंपनी से कब-कब खरीदी गई. इस पर मंत्री शाह ने बताया कि वर्ष 2024-25 की अवधि से स्थापना व्यय छोड़कर अस्पतालों के रखरखाव, दवाओं आदि की खरीदी पर 60 करोड़ 54 लाख 23 हजार 656 रुपये खर्च किये गये. इस पर अकील ने कहा कि उन्हें गलत और भ्रामक जानकारी दी गई है.

उन्होंने भोपाल मेमोरियल और कमला नेहरू अस्पतालों में कई तरह की परेशानियों का जिक्र करते हुए कहा कि यहां पेरामेडिकल स्टॉफ नहीं है. उन्होंने न्यायिक जांच की मांग भी की. इस पर मंत्री ने कहा कि आपने 11 प्वाइंट का पत्र दिया था, जिसमें से 8 प्वाइंट का निराकरण कर दिया गया है.

## 10 से कम तो दूसरे स्कूल में शिफ्ट होंगे बच्चे

प्रदेश के ऐसे स्कूल जहां 10 से कम संख्या है, वहां के बच्चों को एक किमी के दायरे में दूसरे स्कूलों में शिफ्ट किया जाएगा, वहीं स्टॉफ को भी दूसरे स्कूलों में पदस्थ किया जाएगा.

यह जानकारी गुरुवार को सदन में प्रश्नकाल के दौरान सदस्य अमर सिंह यादव के प्रश्न के जवाब में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने दी. यादव ने राजगढ़ जिले में उर्दू शिक्षकों के पदस्थापना को लेकर सवाल किया था. इस दौरान सवाल का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि केवल उर्दू के शिक्षक नहीं, पूरे प्रदेश के हर स्कूल का परीक्षण करते हैं. बच्चों की सुविधा के हिसाब से हम बच्चों को शिफ्ट करके उन टीचर्स को दूरस्थ स्थानों पर पदस्थ करने का काम भविष्य में करेंगे.

# कांग्रेस विधायकों को एक करोड़ भी नहीं

- अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान विपक्ष ने लगाया आरोप
- कहा- भाजपा विधायकों को 15-15 करोड़ रुपये दिए

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 4 दिसंबर. विधानसभा में गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये पेश द्वितीय अनुपूरक बजट पर चर्चा की शुरूआत हुई. चर्चा के दौरान विपक्ष ने विभागवार सरकार को घेरा और सरकार पर कांग्रेस विधायकों के साथ भेदभाव का आरोप लगाया, विपक्ष के वरिष्ठ सदस्य बाला बच्चन ने कहा कि सरकार बजट के खर्च में भी भेदभाव करती है.**

विधायकों को क्षेत्र के विकास के लिये 5-5 करोड़ देने की बात कही गई थी, लेकिन कांग्रेस के विधायकों को एक करोड़ रुपये भी नहीं मिले, वहीं भाजपा के विधायकों को 15-15 करोड़ रुपये दिये गये. वहीं दूसरी तरफ सत्ता पक्ष के सदस्यों ने सरकार का बचाव किया और बताया कि अनुपूरक बजट में क्यों जरुरी है. इस दौरान उन्होने सरकार की उपलब्धियां भी गिनाईं.

सदन में मंगलवार को उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने 13 हजार 155 करोड़, 94 लाख, 81 हजार,85 रुपये का अनुपूरक बजट पेश किया था, जिस पर चर्चा गुरुवार को की गई. चर्चा की शुरुआत कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य बाला बच्चन ने की. इस दौरान उन्होंने कहा कि अनुपूरक में कई महत्वपूर्ण विभागों और कार्यक्रमों के लिये कोई राशि का प्रावधान नहीं किया गया है. उन्होने कहा कि ई-ऑफिस के लिये विधायकों को 5-5 लाख रुपये देने की बात कही गई थी, लेकिन अब तक ई-ऑफिस का सेटअप नहीं लगा. किसानों के फसल नुकसान पर मुआवजा का भुगतान होना चाहिए, लेकिन नहीं हो रहा है. खलघाट में किसान आंदोलन पर बैठे तो 700 अज्ञात किसानों पर प्रकरण दर्ज कर लिया गया.

> दुनिया में अलग-अलग आंदोलन हो रहे हैं, मप्र भी बारूद के ढेर पर बैठा है. मप्र पर 31 मार्च 2026 की स्थिति में 4 लाख 60 हजार करोड़ रुपये का कर्ज हो जाएगा, 23 हजार करोड़ रुपये तो कर्ज के ब्याज में चुका रहे हैं, क्या ऐसे बजट बनाओगे, ऐसे सरकार चलाओगे. चर्चा में ओमप्रकाश सखलेचा, सीतासरन शर्मा, भंवर सिंह शेखावत, गौरव पाधरी सहित डेढ़ दर्जन से अधिक सदस्यों ने हिस्सा लिया. चर्चा शुक्रवार को भी होगी, उसक बाद अनुपूरक बजट पारित किया जाएगा.

# सार्वजनिक क्षेत्रों के 12 उद्यमों को 1940 करोड़ से अधिक का नुकसान

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 4 दिसंबर. राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को अपनी कार्यप्रणाली के चलते गंभीर नुकसान झेलना पड़ा है. वर्ष 2023 की अवधि में 12 उद्यमों को 1940 करोड़ 50 लाख रुपये का नुकसान झेलना पड़ा है.**

इसका खुलासा भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के ताजा रिपोर्ट में हुआ है. सीएजी की रिपोर्ट गुरुवार को ही विधानसभा के पटल पर रखी गई. इसमें सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की गंभीर लापरवाहियों को उजागर किया गया है. सीएजी ने रिपोर्ट में कहा है कि 31 मार्च

**सीएजी की रिपोर्ट में खुलासा**

2023 की स्थिति में मप्र में 73 सार्वजनिक क्षेत्रों के उद्यम यानी एमपीएसई थे, इनमें 61 सरकारी कंपनियां, 3 सांविधिक और 9 सरकार द्वारा नियंत्रित कंपनियां शामिल थी. इनमें से 7 के कोई लेखा बकाया नहीं है. वहीं 3 के 3 वर्ष से अधिक के लेखे बकाया है. 5 में 5 वर्ष से अधिक के लेखे बकाया है. 7 ने 10 वर्ष से भी अधिक समय से लेखे प्रस्तुत ही नहीं किये हैं. 11 एसपीएसई ने 2022-23 की अवधि में 552.22 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया, 12 एमपीएसई को कुल 1940.50 करोड़ की हानि हुई.

# आज से प्रदेश में बढ़ेगी ठिठुरन

**ठंडी हवा के चलते कई शहरों गिरेगा तापमान**

**भोपाल, 04 दिसंबर. प्रदेश में शुक्रवार को एक पश्मिी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिससे न्यूनतम तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी. खास करके शुक्रवार-शनिवार को भोपाल, इंदौर, ग्वालियर,उज्जैन, चंबल संभाग में कोल्ड वेव और शीतलहर चलने के आसार है. इसके अलावा पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी के चलते आ रही ठंडी हवा के चलते कई शहरों के न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस गिरावट दर्ज हो सकती है.**

मौसम विभाग की मानें तो दिसंबर के दूसरे हफ्ते से और जनवरी के तीसरे हफ्ते तक प्रदेश के कई शहरों में कोल्ड वेव की स्थिति बनेगी. अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश का मौसम शुष्क रहेगा. इस दौरान कुछ क्षेत्रों में धुंध छा सकती है.

## 10 शहरों में पारा 10 डिग्री से भी कम



### इकलौता हिल स्टेशन पचमढ़ी सबसे ठंडा

भोपाल, इंदौर समेत प्रदेश के 10 शहरों में पारा 10 डिग्री से कम रहा. भोपाल में 9.2 डिग्री, इंदौर में 8.4 डिग्री, जबलपुर में 10.6 डिग्री, उज्जैन में 12 डिग्री और ग्वालियर में 14.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. प्रदेश का इकलौता हिल स्टेशन पचमढ़ी सबसे ठंडा रहा. यहां न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री दर्ज किया गया. शहडोल के कल्याणपुर में 7.1 डिग्री, उमरिया में 8.2, अमरकंटक-शाजापुर में 8.7 दर्ज किया.

# सरकार पर लगाया फिजूलखर्ची और बढ़ते कर्ज का आरोप

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 4 दिसंबर. कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा पर आरोप लगाया कि राज्य को कर्ज में डुबोकर जनता के पैसे को राजनीतिक आयोजनों और यात्राओं पर बर्बाद किया जा रहा है.**

उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में प्रति व्यक्ति कर्ज 60,000 रुपये तक पहुँच चुका है और सरकार हर दिन 165 करोड़ रुपये का नया कर्ज ले रही है, जबकि आम आदमी दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रहा है.मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए पटवारी ने कहा कि सरकार के भव्य आयोजनों का खर्च भी कर्ज के पैसों से चल रहा है. उन्होंने कहा, 'यह सरकार बड़े-बड़े भाषण देती है, लेकिन सच यह है कि राजनीतिक कार्यक्रमों के लिए कर्ज लिया जा रहा है. माइक, टेंट



और भीड़ कर्ज के पैसों से जुटाई जा रही है. मुख्यमंत्री रोजाना इवेंट करते हैं, पर जनता की हालत देखने का समय नहीं है. 'मुख्यमंत्री की हालिया विदेश यात्राओं का जिक्र करते हुए पटवारी ने आरोप लगाया कि तीन यात्राओं पर 34 करोड़ रुपये खर्च किए गए, यानी लगभग 3 करोड़ रुपये प्रतिदिन. उन्होंने पूछा, 'ऐसा कैसा प्रदेश बना रहे हैं जहां किसान फसल के दाम के लिए परेशान हैं और सरकार विदेश घूमने के लिए कर्ज ले रही है?

# कारोबारियों पर स्टेट जीएसटी की कार्रवाई

## टैक्स अनियमितताओं की आशंका में मारे छापे

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. स्टेट जीएसटी विभाग ने इंदौर में कीटनाशक व्यापार से जुड़े कई प्रतिष्ठानों पर एक साथ छापे मारकर व्यापक दस्तावेजी जांच शुरू की है. कार्रवाई पेस्टीसाइड कारोबारी संजय अग्रवाल और उनसे जुड़ी फर्मों के ठिकानों पर केंद्रित रही.**

इंदौर में स्टेट जीएसटी विभाग ने गुरुवार को पेस्टिसाइड कारोबार से जुड़े प्रमुख व्यापारियों पर फोकस कर टैक्स अनियमितताओं की आशंका में छापामार कार्रवाई की. सुबह से शुरू हुई इस कार्रवाई में विभाग की कई टीमों ने शहर के अलग-अलग इलाकों में दबिश देकर कारोबार से संबंधित वित्तीय रिकॉर्ड, बिक्री-खरीदी के बिल, स्टॉक रजिस्टर, बैंक लेनदेन और डिजिटल रिकॉर्ड की जांच की. कार्रवाई मुख्य रूप से पेस्टिसाइड कारोबारी संजय अग्रवाल के घर और प्रतिष्ठानों पर की गई. इसके साथ ही नर्मदा ट्रेडर्स, ग्रो रीच एग्रोटेक, सुशील कॉर्पोरेशन समेत उनसे जुड़ी अन्य फर्मों के ठिकानों पर भी सर्च ऑपरेशन जारी रहा.

शुरुआती जानकारी के अनुसार, विभाग को टैक्स चोरी और फर्जी बिलिंग से जुड़े कुछ इनपुट मिले थे, जिसके बाद यह संयुक्त कार्रवाई की गई. सूत्रों का कहना है कि टीमों ने तलाशी के दौरान कारोबार से संबंधित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए हैं. इनमें टैक्स भुगतान, खरीद-फरोख्त, सप्लाई चेन और इनवॉइसिंग से जुड़े रिकॉर्ड शामिल हैं. बरामद दस्तावेजों की जांच के बाद आगे की वित्तीय कमियों और संभव टैक्स इवेशन का आकलन किया जाएगा. छापेमारी देर शाम तक जारी रही और विभाग की ओर से आधिकारिक बयान की प्रतीक्षा है. प्रारंभिक अनुमान है कि व्यापारिक लेनदेन में बड़े स्तर पर अनियमितताओं की जांच की जा रही है.

# पैथोलॉजी घोटाले में कांग्रेस ने की सीबीआई जांच की मांग

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 4 दिसम्बर. मध्यप्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को झकझोर देने वाला बड़ा घोटाला सामने आया है. पूर्व मंत्री एवं राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने स्वास्थ्य विभाग में हुए 943 करोड़ रुपये के 'संगठित और गंभीर' आउटसोर्स पैथोलॉजी घोटाले का खुलासा किया है. उन्होंने इस पूरे मामले की CBI से जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि यह राज्य के इतिहास के सबसे बड़े और व्यवस्थित भ्रष्टाचार मामलों में से एक है.**

विधानसभा में पूछे गए प्रश्न



के जवाब में विभाग ने जयवर्धन सिंह को 68,000 पृष्ठों का रिकॉर्ड सौंपा. प्रारंभिक जांच में ही कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं, जो संकेत देते हैं कि 2,019 शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में पैथोलॉजी सेवाओं के नाम पर बड़े पैमाने पर अनियमितताएँ हुईं.



### राज्यपाल पटेल ने क्रांतिसूर्य टंट्या भील को अर्पित की पुष्पांजलि

**भोपाल, 04 दिसंबर.** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने जनजातीय नायक क्रांतिसूर्य टंट्या भील के बलिदान दिवस पर पुष्पाजंलि अर्पित की. उनका पुण्य स्मरण कर नमन किया. राज्यपाल पटेल ने राजभवन के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ जनजातीय नायक को श्रद्धांजलि दी. राजभवन के बेंक्वेट हॉल में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल के अपर सचिव उमाशंकर भार्गव, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी अरविंद पुरोहित, राजभवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे.


**NAME CHANGE**

I, Army No. 14666872W, Rank-Nk (DVR), Name: Rajendra Kumar Tiwari resident at: Baisha Khedi, Ward No. 03, Near Chirayu Hospital, Huzur, Post Office Bairagarh, Distt. Bhopal (M.P.) PIN-462030. I have changed my son name Netik Tiwari to Naitik Tiwari vide affidavit No. BZ 837796 dated 29/11/2025 before Bhopal (M.P.) Court.

**नाम परिवर्तन**

मैं बदन सिंह ठाकुर पिता स्व. श्री अमर सिंह म.न. 59 अरबलिया तहसील हुजूर बैरसिया रोड भोपाल (म.प्र.) पिन 462038 यह अवगत कि मैं मेरी पत्नी का नाम श्रीमति गंगा देवी से बदलकर श्रीमति गंगा बाई करना है यह परिवर्तन मेरे शपथपत्र संख्या- DF 357561

दिनाँक -02-12-25

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम मोहसिन अज़ीज़ खान पिता मोहम्मद अजीज खान Mohsin Aziz Khan s/o Mohammad Aziz Khan था जो गलत था मेरा सही नाम मोहसिन खान पिता मोहम्मद अजीज खान Mohsin Khan s/o Mohammad Aziz Khan है। अतः अब भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना वह पहचाना जावेगा । निवासी मकान नंबर 200 दाता कॉलोनी जानवी भवन के पीछे एयरपोर्ट रोड हुजूर भोपाल

**नाम परिवर्तन**

मैं विरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा निवासी LIG 277 बी-सेक्टर राजीव नगर, जिला भोपाल सूचित करता हूं कि मेरी पुत्री अल्शिना विश्वकर्मा की 10वीं की मार्कशीट में पिता का नाम विरेन्द्र कुमार व माता का नाम रूबी कुमार दर्ज है जो कि गलत है. सही नाम पिता- विरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा माता- रूबी विश्वकर्मा है. इसी नाम को दर्ज किया जाए. इसी नाम से जाना - पहचाना जाए.




# रेडक्रॉस, सेवा भारती ने गरीबों को बांटे कंबल

**मंडीदीप, 4 दिसंबर.** सामाजिक संस्था रेडक्रॉस और सेवा भारती के तत्वावधान में गुरुवार को दोपहर 3 बजे नगर के गोल्ड पार्क में गरीब और असहाय व्यक्तियों को कम्बल और ऑक्सीजन एग्जिनेटरों का मुफ्त वितरण किया गया. इस अवसर पर राजकुमार श्रीवास्तव, पूर्णिमा जैन, कृष्णा पंडित, बीजेपी जिला महामंत्री सामाजिक कार्यकर्ता दीपेंद्र पाल, जीवन सिंह पाल, विनोद जैन समेत कई अन्य लोग भी मौजूद रहे.

# किसान कांग्रेस ने तय की जमीनी रणनीति

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 4 दिसम्बर. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को किसान कांग्रेस के सभी जिला अध्यक्षों और प्रदेश पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में किया. बैठक की अध्यक्षता प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौहान ने की.**

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, पी.सी. शर्मा, लाखन सिंह यादव, पूर्व किसान कांग्रेस अध्यक्ष एवं मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर, उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, विधायक बाबू जंडेल, पंकज उपाध्याय, सेवादल अध्यक्ष अवनीश भार्गव,



पुनीत टंडन सहित राष्ट्रीय किसान कांग्रेस के पदाधिकारी कुलदीप पटेल और बरुआ उपस्थित रहे.

अपने उद्बोधन में श्री पटवारी ने किसान कांग्रेस को पार्टी संगठन की एक अत्यंत महत्वपूर्ण इकाई बताया. उन्होंने आरोप लगाया कि किसान खाद और बीज की कमी, नकली दवाइयों एवं कृषि सामग्री की मिलावट जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं, जबकि मोहन सरकार किसानों की प्राथमिकताओं की उपेक्षा कर रही है.

उन्होंने घोषणा की कि मार्च 2026 में किसानों के नेतृत्व में विधानसभा घेराव किया जाएगा. उन्होंने कहा कि प्रदेश की 75 प्रतिशत जनता कृषि पर निर्भर है, इसलिए संगठन का विस्तार ब्लॉक स्तर से प्रत्येक पंचायत तक किया जाए और हर पंचायत में अध्यक्ष नियुक्त हो.

**बदलाव** भोपाल मंडल पर नई समय-सारणी के अनुसार ट्रेनों के समय में आंशिक परिवर्तन

# 1 जनवरी 2025 से ट्रेनों की नई समय-सारणी लागू

**भोपाल, 04 दिसंबर. रेलवे प्रशासन द्वारा 01 जनवरी, 2026 से ट्रेनों की नई समय-सारणी लागू की जा रही है. भोपाल मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर गाड़ियों के संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया गया है. वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के अनुसार 01 जनवरी से लागू नई समय-सारणी अनुसार स्टेशनों पर गाड़ियों के आगमन और प्रस्थान समय में परिवर्तन एवं मंडल में अधिकांश गाड़ियों की औसत गति बढ़ने से समय की बचत होगी.**



**ट्रेनों का गन्तव्य स्टेशन पर पहुँचने का परिवर्तित समय:** 1.गाड़ी संख्या 12185 रानी कमलापति-रीवा एक्सप्रेस, रीवा 08.00 बजे की बजाय 07.55 बजे पहुंचेगी . गाड़ी संख्या 11272 भोपाल-इटारसी एक्सप्रेस, इटारसी 12.30 बजे की बजाय 13.15 बजे पहुंचेगी . गाड़ी संख्या 11602 कटनी-बीना, बीना 19.05 बजे की बजाय 20.00 बजे पहुंचेगी . गाड़ी संख्या 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस, भोपाल 17.18 बजे की बजाय 17.00 बजे पहुंचेगी .

### ट्रेनों के नंबर में परिवर्तन

इटारसी होकर संचालित गाड़ी संख्या 12149 / 12150 पुणे-सुपौल-पुणे एक्सप्रेस दिनांक 04.12.2025 से नई परिवर्तित गाड़ी संख्या 11401/11402 के रूप में संचालित है।

### स्टेशन से प्रस्थान होने वाली ट्रेनों का परिवर्तित समय

1. गाड़ी संख्या 22145 भोपाल-रीवा एक्सप्रेस, भोपाल से 23.05 बजे की बजाय 23.00 बजे प्रस्थान करेगी .
2. गाड़ी संख्या 19324 भोपाल-डॉ अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस, भोपाल से 17.00 बजे की बजाय 17.10 बजे प्रस्थान करेगी
3. गाड़ी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस, भोपाल से 16.55 बजे की बजाय 16.40 बजे प्रस्थान करेगी .
4. गाड़ी संख्या 12185 रानी कमलापति-रीवा एक्सप्रेस, रानी कमलापति से 22.00 बजे की बजाय 21.55 बजे प्रस्थान करेगी
5. गाड़ी संख्या 12197 भोपाल ग्वालियर एक्सप्रेस, भोपाल से 15.15 बजे की बजाय 15.10 बजे प्रस्थान करेगी .
6. गाड़ी संख्या 19712 भोपाल-जयपुर एक्सप्रेस, भोपाल से 16.35 बजे की बजाय 16.30 बजे प्रस्थान करेगी .
7. गाड़ी संख्या 22172 रानी कमलापति-पुणे एक्सप्रेस, रानी कमलापति से 15.50 बजे की बजाय 15.40 बजे प्रस्थान करेगी .


